## यूटीएस ऑन मोबाइल टिकटिंग से मार्च माह में 1 लाख 22 हजार से अधिक रेल टिकट बुक

## 01 करोड़ 31 लाख रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ

जबलपुर 15 अप्रैल। रेलवे में यात्रियों की सुविधा हेतु यूटीएस मोबाइल एप्प से ऑनलाइन अनारक्षित टिकट बनाई जा रही है। इसके लिए प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में पश्चिम मध्य रेल में तीनों मण्डलों के वाणिज्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप माह **मार्च 2025 में यूटीएस एप्प से बुक कुल 01 लाख 22 हज़ार 685 टिकटों से 6 लाख 56 हजार 515 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 01 करोड़ 31 लाख 03 हजार 575 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।**

पश्चिम मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन जनरल टिकट के लिए यूटीएस मोबाइल एप्प की सुविधा दी जा रही है। यात्रियों के बीच इस एप्प की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ अनारक्षित टिकट लेने के आंकड़ों में भी काफी वृद्धि हुई है। इस एप्प के माध्यम से **माह मार्च 2024 में मण्डल वाइस जानकारी इस प्रकार है।**

**जबलपुर मंडल :-** यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 35,170 बुक टिकट से 02 लाख 93 हजार 702 यात्रियों ने यात्रा की जिससे रेलवे को 43 लाख 37 हज़ार 690 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

**भोपाल मंडल :-** यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 40,033 बुक टिकट से 02 लाख 06 हजार 607 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 46 लाख 27 हजार 255 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

**कोटा मंडल :-** यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 47,400 बुक टिकट से 01 लाख 55 हजार 852 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 41 लाख 32 हजार 630 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

रेलवे ने एप से टिकट बुक करने सम्बंधित अधिक जानकारी वेबसाइट www.utsonmobile.indianrail.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

रेल प्रशासन ने अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों से अपील की है कि वे मोबाइल टिकटिंग एप्प पर यूटीएस के उपयोग को बढ़ावा दें और उपयोग से जुड़े हितों का लाभ उठाएं।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/027/2025 दिनांक 15.04.2025

सम्माननीय संपादक,

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर